# ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND ORGANIZES INTER-SCHOOL QUIZ & ESSAY WRITING COMPETITION ON THE OCCASION OF150TH VIVEKANANDA BIRTH CENETENARY CELEBRATION

**DATE: 07-JAN-2014**

## Press Clippings: 08-JAN-2014

City-Page-01 दैनिक जागरण रांची, 8 जनवरी 2014

# मैनेजमेंट के छात्रों ने ली विवेकानंद से सीख

**जागरण संवाददाता, रांची :** इक्फाई विवि में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद याद किए गए। उनकी 150वीं जयंती के मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साथ ही विवेकानंद की जीवनी के बारे में भी बताया गया। मौके पर 20 से भी अधिक विद्यालय और विवि से छात्रों का दल पहुंचा। मौके पर स्वामी जयतारनंदजी भी मौजूद थे। उन्होंने मैनेजमेंट के क्षेत्र में विवेकानंद के विचारों के महत्व के बारें में बताया। कहा, देश की सेवा ही सबसे महत्वपूर्ण होती है। मानव सेवा से ही देश आगे बढ़ता है। नौजवान ही संस्कृति को आगे लेकर बढ़ सकते हैं। समाज में समायता की विचारधारा से भी आपसी सहभागिता से ही बढ़ेगी।

विवि के वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार डॉ. अब्दुल शुभान ने कहा कि सफलता विचारों से ही मिलती है। मेहनत और लगन का जब संगम होता है तब जाकर सफलता हासिल होती है।



**इक्फाई विवि में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।**

डॉ. केके नाग ने विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि भविष्य की झलक खुद में मिलती है। जरूरत है अपने आप को पहचानने की। अपले लक्ष्यों को निर्धारित करने की। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डोरंडा कॉलेज के सौरभ झा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इक्फाई के अभिनव द्वितीय स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर डोरंडा कॉलेज की वारूणी ने कब्जा जमाया।

the pioneer
RANCHI | WEDNESDAY | JANUARY 8, 2014, Page-03

## ICFAI MARKS VIVEKANANDA'S BIRTH ANNIVERSARY



Vice Chancellor of ICFAI University along with other guests releases book during the 150th birth anniversary celebrations of Swami Vivekanand in Ranchi on Tuesday
Pioneer photo

ICFAI University Jharkhand organised Interschool Quiz Competition-PRAGYAN and Essay Writing Competition at its Faculty of Management Studies Campus, Ashok Nagar, Ranchi on the auspicious occasion of 150th birth anniversary of Swami Vivekananda, the great Indian philosopher whose teachings are the biggest philosophical asset of the country.

### इक्फाई विवि में स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती मनी

# रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान दें: प्रो. राव



इक्फाई विवि में मौजूद डॉ केके नाग, डॉ बीएम सिंह व अन्य।

सत्य प्रकाश

रांची। व्यक्तित्व विकास में व्यक्ति के वैचारिक मूल्यों का अहम स्थान होता है। यह बातें इक्फाई के कुलपति प्रोफेसर ओ आर एस राव ने अशोकनगर स्थित इक्फाई विवि के कैंपस में आयोजित स्वामी विवेकानंद की 150 वीं जयंती के मौके पर कहीं। उन्होंने कहा कि छात्रों को पेशेवर तरीके से रोजगार परक शिक्षा आज के जमाने में ज्यादा मायने रखता है। साथ ही छात्रों को व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाने की दिशा में भी प्रयास उतना ही महत्व रखता है जितना कि रोजगारपरक शिक्षा। प्रो राव के मुताबिक सामाजिक सुधारों की दिशा में एक शिक्षित व्यक्ति बेहतर भूमिका निभा सकता है। प्रतियोगिता का आयोजन हुआस्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती के मौके पर विवि में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी जयतारानंद जी ने किया।

समारोह में राजधानी के 20 से ज्यादा विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों के विभिन्न दलों ने प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिता में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया जिसमें विजेता छात्रों को विवि की ओर से पुरस्कार भी दिये गये। स्वामी जयतारानंद ने स्वामी विवेकानंद व उनकी जीवनी और शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी ने देश की अमूल्य संस्कृति को बचाने के लिए नौजवानों को आह्वान किया था। मौके पर जैक उपाध्यक्ष डॉ अब्दुल शुभान, वरिष्ठ शिक्षक सलाहकार इक्फाई डॉ के के नाग, कुलसचिव डॉ बी एम सिंह, एसोसिएट डीन प्रो. ए एस प्रसाद समेत कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



### इन छात्रों को मिला सम्मान

हैंडीक्राफ्ट प्रतियोगिता

| | |
|---|---|
| तेज श्री रंजन | प्रथम |
| वर्षा | द्वितीय |
| राज सिद्धि | तृतीय |

निबंध लेखन प्रतियोगिता

| | |
|---|---|
| सौरभ झा, डोरंडा कॉलेज | प्रथम |
| अभिनव सिन्हा, इक्फाई | द्वितीय |
| वरुणी, डोरंडा कॉलेज | तृतीय |



### इक्फाई यूनिवर्सिटी में हुई इंटर स्कूल क्विज

रांची | इक्फाई विवि में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में इंटर स्कूल कंपटीशन हुआ। इसमें क्विज, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें 20 स्कूलों के प्रतिभागी थे। मौके पर वीसी



प्रो. ओएस राव ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से छात्रों की प्रतिभा सामने आती है। डॉ. केके नाग ने कहा कि इक्फाई विवि में छात्रहित के कई कार्यक्रम चला रहा है। जैक उपाध्यक्ष प्रो. अब्दुल सुभान ने कार्यक्रम की सराहना की।

रांची, बुधवार, 8 जनवरी, 2014
www.prabhatkhabar.com | 08

# इक्फाइ विवि में कई प्रतियोगिता



स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती पर इक्फाइ विवि में निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई,

**रांची.** इक्फाइ विवि में स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती के अवसर पर अशोकनगर स्थित परिसर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. 20 से अधिक विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लिया. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि व्यक्तिगत मूल्य व्यक्तियों के सफलता के लिए मूल चीज है. इसके लिए विवि अपने छात्रों को एक सक्षम पेशेवर के रूप में परिवर्तित करने के लिए कृत संकल्प है. इस अवसर पर स्वामी जयतारानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के मुख्य संदेश व उनके जीवनी और शिक्षा पर प्रकाश डाला. उन्होंने नौजवानों को देश-सेवा व देश की धनी संस्कृति को पुनः स्थापित करने का भी आह्वान किया. इस अवसर पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ अब्दुल सुभान, डॉ केके नाग आदि ने भी अपने विचार रखे. प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सेंट्रल एकेडमी के आदित्य व प्रज्ञा को प्रथम स्थान मिला. श्री अग्रसेन विद्यालय के मो बेलाल व चैताली को द्वितीय तथा ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के अरूम व आशीष को तृतीय पुरस्कार मिला. निबंध लेखन प्रतियोगिता में सौरभ झा (डोरंडा कॉलेज) को प्रथम, अभिनव सिन्हा (बीबीए इक्फाइ विवि) को द्वितीय और वारूणी (डोरंडा कॉलेज) को तृतीय पुरस्कार मिला. इक्फाइ विवि के विद्यार्थियों ने हैंडीक्राफ्ट प्रतियोगिता में भाग लिया. तेजश्री रंजन (बीसीए) को प्रथम, वर्षा (बीबीए) को द्वितीय तथा राज सिद्दी (बीबीए) को तृतीय पुरस्कार मिला. कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

रांची एक्सप्रेस
Page-05 रांची, बुधवार 8 जनवरी 2014

# आईसीएफएआई विवि में प्रतियोगिताएं आयोजित

रांची, 7 जनवरी (रां.ए.सं.) : आईसीएफएआई विवि झारखंड में आज अंतर स्कूल क्विज प्रतियोगिता-प्रज्ञान, निबंधन लेखन और हस्तशिल्प प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर दोनों प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी। क्विज प्रतियोगिता में सेन्ट्रल एकेडमी के आदित्य व प्रज्ञा ग्रुप को विजयी घोषित किया गया। द्वितीय स्थान पर अग्रसेन स्कूल के मोहम्मद बेलाल व चैताली तथा तृतीय स्थान पर ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के अरूप और आशीष की टीम रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में डोरण्डा कालेज के सौरभ झा को प्रथम, आईसीएफएआई के अभिनव सिन्हा को द्वितीय और डोरंडा कालेज की वरूणी को तृतीय पुरस्कार मिले। इसी प्रकार हस्तशिल्प प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी भी पुरस्कृत किये गये।

इससे पहले विद्यार्थियों को रामकृष्ण मठ आश्रम के स्वामी जयतारानन्द, जैक उपाध्यक्ष डा. अब्दुल सुभान, डा. के.के. नाग इत्यादि ने सम्बोधित किया।